तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

12 गर्मी में नहर में नहाने का आनंद ले रहे बच्चे...


12 संयंत्र ने सड़क, आग और एलपीजी घटना को रोकने वाहन चालकों को बताये उपाए




## खबर संक्षेप

### वाहन के ठोकर से एक की मौत, दूसरा घायल

**महासमुंद।** सरायपाली में छोटा हाथी वाहन की ठोकर से एक की मौत हो गई, वहीं एक घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी से छोटा हाथी वाहन क्र- सीजी-06 जीडी-7658 के चालक ने तालाब मंदिर बस्ती सरायपाली के पास वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर भोजराज कठार के मोसा क्र सीजी-06 एच ए-4216 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा प्रकाश यादव घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभांठा बांदीखार में एक 19 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नरेंद्र दीवान पिता संतराम दीवान (19) सलिहाभांठा ने बांदीखार में फांसी लगा लिया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना मे लिया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** पुलिस ने ग्राम बम्हनी से ग्राम नांदगांव जाने के रास्ते पर आरोपी भोजराम बंजारे पिता (35) निवासी वार्ड 11 बम्हनी के कब्जे से 17100 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 8550 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बसना क्षेत्र में शराब जब्ती के तीन मामले

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत शराब जब्ती के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पहले मामले में गढ़पटनी रोड के पास से आरोपी चंद्रदास पिता शंकरदास (30) निवासी वार्ड 6 बसना के कब्जे से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया है। दूसरे मामले में ग्राम बंसुलाडीपा से आरोपी डिग्री सेठ पिता भगवतिया सेठ (42) के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया गया है। इसी तरह तीसरे मामले में ग्राम गढ़पटनी से आरोपी अजहर खान पिता अब्दुल खान (26) के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया गया।

---

जांच : जांच में नहीं मिले कोई भी संदिग्ध व्यक्ति

# पुलिस ने जिले में स्थित बैंकों को किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस ने जिले में स्थित बैंकों की जांच के लिए गुरुवार को आकस्मिक अभियान चलाया। इस अभियान में बैंक आने जाने वाले, बैंकों के बाहर खड़े लोगों, आसपास, ठेला दुकान के पास खड़े लोगों से पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधन को बैंक के बाहर, प्रवेश गेट, कैश काउंटर आदि महत्वपूर्ण स्थान में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने हिदायत दी गई। बैंक प्रबंधन एवं बैंक में आए हुए लोगों को किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, संदिग्ध गतिविधि की आशंका होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने कहा गया। बैंक के नोटिस बोर्ड अथवा लोगों के सहज दृष्टिगत होने वाले स्थान पर थाना, पुलिस कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक संपर्क नंबर, चस्पा करने निर्देशित किया गया। बैंक की सुरक्षा में तैनात प्राइवेट सुरक्षा गार्ड को सतत निगरानी रखने भी निर्देशित किया गया।



### दुकान, ठेला आदि में खड़े लोगों से पूछताछ की

विदित हो की गुरुवार को अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन पर, जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ क्षेत्र अंतर्गत स्थित बैंकों में आकस्मिक दबिश दी गई एवं बैंक में आने जाने वाले, बैंक के बाहर तथा आसपास स्थित दुकान, ठेला आदि में खड़े लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण बैंक परिसर का मुआयना किया गया, जिसमें लगभग सभी बैंकों में सीसीटीवी कैमरा तो लगा था, किंतु पुलिस टीम द्वारा इन सीसीटीवी कैमरे को बैंक के बाहर भी ऐसे स्थानों पर लगाने, जिससे बैंक के बाहर से आने वाले लोगों की पहचान हो सके, बैंक मुख्य गेट, कैश काउंटर एवं बैठक चेयर को फोकस करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

### बैंक प्रबंधन को सुरक्षा की दी हिदायत

इस बीच टीम द्वारा बैंक शाखा प्रबंधक से मिलकर बैंक की सामान्य दिनचर्या, बैंक में कैश लाने–ले–जाने के दौरान सुरक्षा प्रबंध आदि के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान आवश्यक सावधानी बरतते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने निर्देशित किया गया है। बैंक के नोटिस बोर्ड अथवा बैंक में ऐसा स्थान जहां पर लोगों की नजर सहज ही पहुंच सके, वहां थाना, कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक मोबाइल नंबरों को चश्पा करने हेतु कहा गया। चेकिंग अभियान में बैंक में स्थित सुरक्षा गाड्र्स को सतत निगरानी करते हुए संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों, मास्क, गमछा बांधकर आने वाले लोगों को गेट पर ही रोककर उसका परिचय, बैंक आने का कारण एवं सामान्य पूछताछ करते हुए बैंक में प्रवेश देने हेतु बताया गया। इस दौरान संपूर्ण चेकिंग अभियान में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला।

---

# सड़क किनारे खड़े युवक को ईको ने रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



गिधौरी-कसडोल मार्ग पर ग्राम हसुवा और बरपाली के बीच नाले के पास एक बाइक सवार व्यक्ति को तेजरफ्तार ईको वाहन ने रौंद दिया, जिससे ग्राम सुंदरटोला थाना लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश निवासी की मौके पर मौत हो गई।

■ मृतक लांजी के सुंदरटोला का रहने वाला था, जो रायपुर में कमाने आया था

प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह 10 बजे हसुवा एवं बरपाली के बीच मुख्य मार्ग पर ग्राम सुंदरटोला थाना लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश निवासी राकेश सिंह चंदेल पिता महेंद्र सिंह चंदेल 30 वर्ष अपने सिल्वर कलर की फैशन बाइक क्र. एमपी 50 एम एल 4538 रायपुर से गिधौरी तरफ आ रहा था और उसी समय रायपुर से भी ईको गाडी भटगांव जा रही थी। बाइक सवार राकेश सिंह चंदेल अपनी गाड़ी खड़ी कर रोड किनारे फोन पर बात कर रहा था, उसी दौरान तेजरफ्तार ईको क्र. सीजी 04 एमजेड 4021 के चालक ने तेजगति से गाड़ी चलाते हुए युवक को रौंद दिया, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई।

मृतक रायपुर में प्राईवेट नौकरी करते था। घटना की जानकारी मिलते ही गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कसडोल भेजा, जहां पोस्टमार्टम कराकर शव उसके रिस्तेदार जो रायपुर में वे भी काम करते थे को बुलवाकर मृतक युवक के शव को निवास स्थान सुंदरटोला बालाघाट मध्यप्रदेश भेजा गया। फिलहाल घटना की जांच में गिधौरी पुलिस जुटी है।

## कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आज, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का होगा आगमन

**भटगांव।** पान पानी पालगी की नगरी सारंगढ़ के सबसे बड़े पंचायत कोसीर की धरा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज का 26 अप्रैल को 11 बजे कोसीर मंडी परिसर में आगमन हो रहा है। उनके साथ छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी चंदन यादव, पूर्व मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल, विधायक गण रामकुमार यादव, उत्तरी गणपत जांगड़े, कविता प्राण लहरे, पूर्व सांसद पुष्पा देवी सिंह जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन को संबोधित करेंगे। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज प्रभारी और विधायकगण का जिलाध्यक्ष अरुण मालाकार ब्लॉक कांग्रेस एवं कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत की तैयारियां जोर–शोर से की जा रही है।



रायगढ़ लोकसभा सीट में कांग्रेस के प्रचार–प्रसार को लेकर उक्त नेता कांग्रेस के घोषणा पत्र कांग्रेस की न्याय योजना आम जनता को हर वर्ग को मिलने वाली सुविधाओं, भारी योजनाओं के विषय में जानकारी देंगे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

---

# कार सवार लोगों पर हमला करने वाले नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव से लगे ग्राम देवसागर मेला से लौट रहे एक परिवार पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया था। इस हमले में 8 वर्षीय बच्चे को चोट लगी थी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। घटना स्थल से आरोपी नदारद हो गये थे, जिसकी खोजबीन में भटगांव पुलिस लगी रही और आरोपी पकड़े गये। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 नाबालिग सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला भटगांव थाना क्षेत्र का है। आरोपियों का नाम रामकुमार ▶▶ शेष पेज 11 पर



### देवसागर में विराजमान मां जेवरा दाई

बता दें कि, छत्तीसगढ़ के सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले से पश्चिम में 35 किलोमीटर दूर में मां जेवरा दाई का मंदिर वनांचल पहाड़ियों पर ग्राम देवसागर में विराजमान है। इसका मूल स्थान ग्राम जेवराडिह है, जहां प्रतिवर्ष चैत्र पूर्णिमा में मां जेवरादाई का विशाल मेला लगता था। मेले में जिले और आसपास से हजारों लोग इकट्ठा होते हैं। संख्या में भक्त मां जेवरादाई के दर्शन पाने आते हैं। ग्रामीणों के बीच ऐसी मान्यता है कि, यहां पूजा और बैगा द्वारा हल्दी का छींटा लगाने से दंपती को संतान की प्राप्ति होती है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमृत भार्गव, आरक्षक नरेंद्र चंद्रा, मिथलेश राय समेत थाना के सभी स्टाप का विशेष योगदान रहा।

## घर के सामने से स्कूटी की चोरी

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के जी18 न्यू सिविल लाईन कलेक्टर कॉलोनी से अज्ञात चोर ने स्कूटी बाइक की चोरी करने लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि महिमा सिंह दुबे पति गौरव कुमार दुबे (37) की स्कूटी क्र- सीजी-07 बीएफ-8583 कीमत 25 हजार रुपए को किसी ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने इस मामले मे अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

---

एप्रोच सड़क की अभाव में यहां साल भर में दर्जनों राहगीरों की हो जाती है मौत

# भालूकोना नहर में पलटी कार, बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



तिल्दा-नेवरा से संडी जैसे बलौदाबाजार जिले को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम मोहरा एवं भालू कोना की बीच बनी नहर की पुलिया जानलेवा साबित हो रहा है।

■ घटना रात की, अलसुबह लोगों को मिली जानकारी

दरअसल इस पुल निर्माण की स्थितियां सड़क को नहीं जोड़ती और एप्रोच सड़क के अभाव में राहगीर सड़क एवं पुलिया की स्थिति को समझ नहीं पाते और सीधे नाली के अंदर चले जाते हैं। इस तरह की दुर्घटनाएं अधिकतर गर्मियों के दिनों में शादी ब्याह के समय होती है। अंजान ड्राइवर इस सड़क की स्थिति भाप नहीं पाते और घटना का शिकार हो जाते हैं। यह खेल विगत वर्षों से चल रहा है। यहां प्रत्येक वर्ष दर्जनभर से अधिक दुर्घटनाएं हो जाती है, जिसमें अधिकतर जाने चली जाती। इसी क्रम में गुरुवार को सुबह एक कार सीजी 07 बीके 2723 पुल के नीचे मिली। हालांकि घटना रात को होगी, किंतु अल सुबह जब लोगों को जानकारी हुई तो भीड़ जुट गई।हालांकि घटना में शामिल लोगों को निकाल ले गया थे, किंतु पानी में बंध गाड़ी किसी खौफ से कम नहीं थी।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468


## शादी के तीसरे दिन नवविवाहित ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बुधवार को एक युवती ने शादी के तीसरे ही दिन आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामला पलारी तहसील के ग्राम फुंडरडीह का है, जहां शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। सुहेला थाना क्षेत्र की रहने वाली नई नवेली दुल्हन तनुजा ध्रुव 25 वर्ष ने अपने मायके में पंखे के हुक से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों को पता चलने पर तत्काल युवती को पलारी सामुदायिक केंद्र लाया गया, यहां पहुंचने पर डाक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि की। जानकारी के अनुसार मृतका शादी के दूसरे ही दिन मायके आई थी, उसकी शादी 21 अप्रैल को ग्राम रावल हथबंद के रहने वाले अजय से हुई थी। शादी के दूसरे ही दिन मायके वाले चौथिया की ▶▶ शेष पेज 11 पर




## तृतीय पुण्यतिथि

जन्म 22.08.1991



निर्वाण 26.04.2021

### स्व.महेश वर्मा

ग्राम - मेकरी (करहीबाजार)

" अहसास की खुशबू कहां... आवाज के जुगनू कहां...
खामोश यादों के सिवा... घर में रहा, कुछ भी नहीं...
उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो,
न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए..."

:: श्रद्धानवत् ::
रामनारायण वर्मा, नकुल वर्मा,
मंजूलता, दिनेश, मनीषा,
यामिनी, रीतू, मोना, चिराग, सानवी
एवं समस्त वर्मा परिवार।

:: विनीत::
विश्वासा वर्मा (दादी)
कुमारी वर्मा (माताजी)

## खबर संक्षेप



### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अविनाश मिश्रा ने बुधवार को समीक्षा बैठक लेकर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माणाधीन कार्यों का निरंतर पर्यवेक्षण करें, एवं जून माह से पहले सभी प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया जाए। रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मुख्य रुप से अंडरग्राउंड केबलिंग, 24 घंटे जलापूर्ति योजना,शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध,नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी सहित अन्य प्रोजेक्ट के प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। श्री मिश्रा ने संबंधित प्रोजेक्ट को जून माह की तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक पी.के. पंचायती, उप-महाप्रबंधक वित्त अमित शर्मा, डिप्टी मैनेजर अमित मिश्रा, मैनेजर जी.आई.एस. रंजीत रंजन,असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी, नेहा पटेल,योगेंद्र साहू सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अनियमितता की शिकायत लिपिक मुख्यालय अटैच

**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने अनियमितता की शिकायत के बाद जोन 9 के लिपिक को मुख्यालय में अटैच कर दिया है। उसके खिलाफ जांच भी बैठा दी गई है। जोन 9 में पदस्थ एक लिपिक पर नामांतरण के नाम रिश्वत की मांग संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित लिपिक को जोन 9 से हटाकर निगम मुख्यालय के सचिवालय में अटैच करने निर्देश दिये गये हैं, ताकि जांच प्रभावित ना हो। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित लिपिक पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाड़े का पैसा मांगने पर मारपीट

**रायपुर।** भाड़े का पैसा मांगने की बात पर विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 22 अप्रैल की शाम 5 बजे अनवर गैरेज नंदनवन रोड के पास की है। प्रार्थी भूरा कुमार ने आमानाका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने आरोपी गौरी सरदार से भाड़े के पैसे मांगे। इस पर विवाद करते हुए गौरी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब पीने नहीं गया तो युवक को पीटा

**रायपुर।** शराब पीने से मना करना एक युवक को भारी पड़ा। आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी। घटना 22 अप्रैल को दोपहर 1 बजे ग्राम छतौना चौक मंदिर हसौद की है। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी विनय उसे शराब पीने के लिए ले जाना चाहता था। उसने मना किया तो इस बात पर उसे जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मतदान करने के लिए नागरिकों को दिलाई शपथ



**रायपुर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विधानसभा आरंग अंतर्गत नगर पंचायत समोदा में बुधवार को रैली निकाली गई। साथ ही दीपदान, आकाशदीप के साथ ही नागरिकों को बैच लगाकर मतदाता शपथ दिलाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की उपस्थित रहे। रायपुर लोकसभा में मतदान आगामी 7 मई को है। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजन, नवविवाहिता, 85 वर्ष आयु के मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान आरंग अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा, तहसीलदार राजकुमार साहू, सीता शुक्ला, श्रीमती शर्मा सहित नागरिक उपस्थित थे।

# बघवा तालाब में बनेगा पाथवे और उद्यान, बरसात के पहले होगा काम पूरा

**35 एकड़ में फैला तालाब, गहरीकरण सौंदर्यीकरण के लिए 2.50 करोड़ रुपये का टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुरा

रायपुरा के बघवा तालाब के पास पाथवे और उद्यान बनेगा। तालाब की सफाई गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम ने 2.50 करोड़ रुपये का टेंडर कर गहरीकरण का कार्य शुरू कराया है। तालाब की सफाई के दौरान भारी मात्रा में गोबर और गंदगी बाहर निकाली जा रही है। इसके साथ ही तालाब को सुरक्षित रखने बाउंड्रीवॉल बनाया गया है। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब की ढाई दशक बाद नगर निगम ने सुध ली है। तालाब की सफाई और गहरीकरण कर बारिश से पहले इसमें साफ पानी भरा जायेगा। । बुधवार को नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा और उप अभियंता अर्जिता दीवान ने स्पॉट पर जाकर वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया। श्री शर्मा ने बताया कि तालाब के चारों ओर पाथवे बनाने के साथ ही सुंदर बगीचा बनाया जायेगा। इसमें लोगों के फिटनेस को ध्यान में रखकर एक्सरसाइज करने विभिन्न मशीनें लगायी जायेंगी। योग करने वालों के लिये अलग से योगा जोन, जुम्बा डांस करने वालों के अलग स्पेस और बच्चों के लिए आकर्षक गेम्स की सुविधा नये उद्यान में उपलब्ध कराई जायेगी। यही नहीं, सीनियर सिटीजन के लिए वेटिंग हॉल बनाया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया, तालाब सफाई और गहरीकरण का कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके लिए अनुबंधित ठेकेदार को हिदायत दी गई है।



### निस्तारी के रूप में सालों से उपयोग

रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादव पारा के लोग बघवा तालाब का एक अरसे से निस्तारी के लिये उपयोग करते आ रहे हैं। तालाब में आसपास की डेयरी के मवेशी जाने से पानी के भीतर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी जमा है। इसे मशीन लगाकर तालाब से बाहर निकाला जा रहा है। पिछले 6 माह से तालाब की सफाई और गहरीकरण का काम कराया जा रहा है। इसकी मानिटरिंग निगम मुख्यालय से की जा रही है।

## जिले में 18091 हितग्राहियों को भी साढ़े 6 साल में नहीं दे पाए आईडी इसलिए ऐसा हाल


# सर्टिफिकेट में 40% से कम दिव्यांगता तो योजना का लाभ नहीं, 4273 लोगों को यूडीआईडी भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सर्टिफिकेट में 40 प्रतिशत या इससे कम दिव्यांगता वाले हितग्राहियों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है। अब रेल यात्रा में आरक्षण का लाभ भी तभी मिलेगा, जब केन्द्र सरकारी द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड होगा। सर्टिफिकेट देने पर भी दिव्यांग को योजना का कोई लाभ नहीं मिलता। जिले में 4273 हितग्राही ऐसे हैं, जिन्हें यूडीआईडी कार्ड भी जिम्मेदार नहीं दे पाए हैं। समाज कल्याण विभाग ऐसे दिव्यांगों को 12 डिजिट वाले नंबर के रूप में देश में विशेष पहचान दिलाने की कवायद 2017 से कर रहा रहा है। इसके लिए जिला कार्यालयों के माध्यम से पहल की जा रही है। इसके बाद भी साढ़े 6 साल में 13 हजार 818 लोगों को ही सर्टिफिकेट के आधार पर यूडीआईडी कार्ड केंद्र सरकार द्वारा तय की गई एजेंसी ने बनाकर दिया है। इसकी जानकारी विभाग से लेने पर पता चला कि अभी तक 13 हजार 818 लोगों ने ही यूडीआईडी के लिए ऑनलाइन प्रोसेस किया है, जबकि 2011 में हुए सर्वे में ही रायपुर जिले में 18091 लोगों को दिव्यांगता सर्टिफिकेट जारी किया गया। यानी 4273 हितग्राही अभी भी जिले में उपेक्षा का शिकार हैं। यूडीआईडी के लिए प्रक्रिया करने वाले करीब 100 से ज्यादा हितग्राही को अभी तक विशेष पहचान नहीं मिली है। ऐसे लोग सर्टिफिकेट के आधार पर राशन, पेंशन, रेल यात्रा ही नहीं सरकारी नौकरी के लिए भी दिव्यांगता के आधार पर पात्रता नहीं रखते।

### ऐसे करें यूडीआईडी पाने प्रोसेस

जिन लोगों ने अभी तक 40 प्रतिशत से अधिक का दिव्यांगता सर्टिफिकेट होने के बाद भी यूडीआईडी नहीं बनवाया है, ऐसे दिव्यांग समाज कल्याण विभाग में अर्जी लगा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, दिव्यांगता को प्रमाणित करने के लिए चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सर्टिफिकेट, पासपोर्ट साइज एक फोटो के साथ कलेक्टोरेट स्थित विभाग के कार्यालय जा सकते हैं। वहां उन्हें ऑनलाइन प्रोसेस की सुविधा दी जाती है। यहां रजिस्ट्रेशन के बाद हितग्राही द्वारा दिए गए पते पर यूडीआईडी की डाकिया द्वारा घर पहुंच सेवा विगत साढ़े 6 साल से दी जा रही है।




### लाभ लेने यूडीआईडी जरूरी

पुराने रिकार्ड में 18 हजार से ज्यादा दिव्यांग हैं। इनमें जिनकी दिव्यांगता 40 फीसदी से कम है, वे यूडीआईडी के लिए पात्र नहीं हैं। देश के हर जिले से आवेदन एक ही एजेंसी को जाता है। इससे कार्ड बनने में समय लगता है। सरकार की किसी भी योजना का लाभ लेने कार्ड जरूरी है।

\- **नदीम काजी,** उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, रायपुर

### दिव्यांगता के प्रकार भी बढ़े ..

*केंद्र सरकार द्वारा जिस एजेंसी से अभी सर्वे कराया जा रहा है। उसमें दिव्यांगता के प्रकार बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन दिव्यांगता का प्रतिशत 40 फीसदी से ज्यादा होने पर ही पात्रता दी जा रही है। इसमें ऐसे लोग पात्र नहीं होंगे, जिनकी दिव्यांगता सर्टिफिकेट में मेडिकल आफिसर ने 40 प्रतिशत से कम दर्ज किया है। ऐसे लोगों को दिव्यांगता के आधार पर यूडीआईडी कार्ड के रूप में नई पहचान भी नहीं मिलेगी। इनको शासन द्वारा तय किए गए पैमाने में दिव्यांग भी नहीं माना गया है। इससे योजनाओं का लाभ भी नहीं देने का प्रावधान किया गया है।*

### सर्वे रिपोर्ट में भी बढ़ेंगे हितग्राही

*सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी द्वारा अभी हर जिले में दिव्यांगों का सर्वे किया जा रहा है। उनसे मिलने वाले रिपोर्ट के आधार पर नया डाटा जिलेवार तैयार होगा। इसके आधार पर जिस क्षेत्र में दिव्यांग ज्यादा होंगे, उस क्षेत्र में विभाग द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा। जिन लोगों का मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं है, उनका मेडिकल आफिसर द्वारा प्रमाणपत्र बनाने के बाद यूडीआईडी के लिए तुरंत ऑनलाइन प्रोसेस भी किया जाना है। विभाग को सर्वे के बाद जिले में दिव्यांग हितग्राही ज्यादा मिलने की उम्मीद है, चूंकि 13 साल से सर्वे भी नहीं हुआ है।*

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान द्वारा प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में संस्था द्वारा गुढ़ियारी, संतोषी नगर, कुशालपुर एवं चांगोराभाठा के कई बस्तियों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि, यह एक सुनहरा अवसर है इस लोकसभा चुनाव में घरों से निकलकर वोट करें लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान। उन्होंने नए और युवा वोटर्स से खास अपील करते हुए कहा कि, वोट अवश्य कीजिए लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूह के बहनों, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों तथा विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों को मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अनमोल फाउंडेशन के डायरेक्टर संजय शर्मा, बी बेम्बू फाउंडेशन के फाउंडर मोहन वल्र्यानी, सुरेश शुक्ला, हेजल जोसफ, राजेश गोयल, पर्ल वेलफेयर फाउंडेशन, सपना घरेलू कामगार महिला संगठन आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

■ स्पर्श संस्था ने एक-एक वोट के महत्व से नागरिकों को कराया अवगत

# महादेव सट्टा संचालित करने वाले अब तक सक्रिय लाइन लेकर आईपीएल में दांव लगवाते आठ गिरफ्तार

## पांच आरोपियों को पुलिस ने कोलकाता से किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्राइम ब्रांच तथा गंज थाने की पुलिस ने स्टेशन रोड में पकड़े गए सटोरियों की निशानदेही पर पश्चिम बंगाल सहित रायपुर में आठ सटोरियों को आईपीएल क्रिकेट में सट्टा संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक महादेव एप को लेकर की जा रही कार्रवाई से डरकर समता कालोनी में रहने वाला सट्टा संचालित करने वाला मास्टर माइंड मोहित सोमानी ने अपने साथ जुड़े लोगों को पश्चिम बंगाल में किराए के मकान लेकर दिया था, जहां से वो सट्टा संचालित करने का काम कर रहे थे। मामले का खुलासा करते हुए एएसपी क्राइम संदीप मित्तल तथा डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने बताया है कि सट्टा संचालित करने के आरोप में आजाद चौक निवासी प्रकाश वाधवानी, राजस्थान सीकर निवासी जयप्रकाश जोशी उर्फ जेपी, मध्यप्रदेश, जबलपुर निवासी प्रफुल्ल मार्टिन, फैलिक्स मारियान, आशीष हैरी, बिहार वैशाली निवासी रेशू कुमार उर्फ गोलू, बलौदाबाजार निवासी सोहन सेन उर्फ रॉकी पिता तथा आजाद चौक निवासी किशन सबनानी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन दर्जन मोबाइल फोन के साथ लैपटॉप जब्त किया है। इसके अलावा दो दर्जन बैंक अकाउंट के पासबुक, एटीएम जब्त किया है।

### माना, स्टेशन रोड में पकड़े गए सटोरियों से लिंक मिला

पुलिस के अनुसार पूर्व में स्टेशन रोड स्थित सत्कार गली तथा माना में आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उन लोगों ने मोहित सोमानी के माध्यम से सट्टा संचालित करने की जानकारी पुलिस को दी थी। इसके साथ ही मोहित और उसके साथियों द्वारा कोलकाता के 24 परगना में किराए का मकान लेकर सट्टा संचालित करने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की टीम कोलकाता रवाना की गई। सटोरिए 24 परगना के जिस मकान से गिरफ्तार किए गए, वहां सटोरिये ऑनलाइन क्रिकेट संचालित करते पकड़े गए हैं।

# 39 किलो गांजा और साढ़े चार हजार प्रतिबंधित टेबलेट के साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





गंज तथा आरंग पुलिस ने निजात अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में चार अंतर्राज्यीय तस्करों के कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 39 किलो गांजा के साथ चार हजार 600 सौ प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया है। पुलिस ने दोनों कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की है।

पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में उत्तरप्रदेश, आगरा निवासी विष्णु तोमर, ओडिशा, केंद्रपाड़ा निवासी अभिमन्यु बेहरा तथा पंजाब लुधियाना निवासी अरुण मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो के पास से पकड़े गए हैं। पुलिस गिरफ्त में आए गांजा तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर लाए थे और गांजा को किसी दूसरी ट्रेन के माध्यम से तस्करी कर ले जाने की फिराक में थे। इसी तरह से आरंग पुलिस ने झारखंड, पलामू निवासी कुणाल कुमार वर्मा को प्रतिबंधित टेबलेट निट्रोसम के साथ गिरफ्तार किया है। कुणाल महासमुंद के रास्ते दोपहिया से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट रायपुर की तरफ ला रहा था, इसी दौरान पुलिस ने टोल प्लाजा के पास कुणाल को रोक कर उसकी दोपहिया की जांच की, तो डिक्की में प्रतिबंधित टेबलेट मिला।

## हनुमान जयंती पर उमड़े श्रद्धालु, भंडारे में लिया प्रसाद

**रायपुर।** बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमानजी का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में दूध अभिषेक पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ किया गया और जन्म उत्सव आरती भी की गई। इसके बाद भगवान का भोग आरती कर ब्राह्मण भोज कराया गया। इसी दौरान महाभंडारे का आयोजन मंदिर प्रांगण में शुरू हुआ। इसमें समस्त भक्तों ने अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रभु हनुमानजी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मंत्री एवं भाजपा रायपुर लोकसभा के सांसद प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल प्रभु हनुमानजी का आशीर्वाद लेने पहुंचे।



# केंद्र के पत्र से सरकार आई हरकत में, एससी एसटी, ओबीसी प्रमाणपत्र बनाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार के कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय का एक पत्र मिलने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार हरकत में आई है। दरअसल केंद्र के पत्र में कहा गया है कि कतिपय राज्यों द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों के जाति प्रमाणपत्र, आय, संपत्ति प्रमाणपत्र जारी किए जाने के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर अब छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, प्रदेश के सभी कलेक्टरों, और एनआईसी के वरिष्ठ सूचना अधिकारी को निर्देश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा कि भारत सरकार कार्मिक लोक शिकाय तथा पेंशन मंत्रालय ने 15 मार्च को जारी पत्र में कहा कि भारत सरकार के निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है।




### सरकार ने निकाला निर्देशों का पिटारा

*राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रमाण पत्रों के मामले में जारी सभी निर्देशों के बारे में जानकारी सामने रखी है। इसमें बताया गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग ने 2013 अगस्त, 2013 सितंबर, अप्रैल 2019, मई 2019 में इस संबंध में परिपत्र और निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि इन सभी निर्देशों से परिपत्र आपके विभाग, कार्यालय, जिलों की वेबसाइट पर तत्काल जारी करें। सामान्य प्रशासन विभाग ने भी अपनी वेबसाइट में इन सभी परिपत्रों को जारी किया है।*

# चुनाव में न हो कोई चूक, पीठासीन व मतदान अधिकारी ले रहे एक्स्ट्रा ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण कैंप के जरिए चुनाव संबंधी कार्यो का प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण के बाद भी पीठासीन सहित मतदान दलों के कई अधिकारी चुनाव कार्यों की बारीकी समझ नहीं पाये हैं।

चुनाव के दौरान उनसे कोई चूक न हो, इसके लिए जिला पंचायत रायपुर कार्यालय के मीटिंग कक्ष को एक्स्ट्रा ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है, जहां प्रतिदिन कोई न कोई अधिकारी पहुंचकर मास्टर ट्रेनर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। इस सेंटर में मतदान दलों के इच्छुक अधिकारी अपना प्रथम प्रशिक्षण का आदेश दिखाकर दोबारा प्रशिक्षण ले रहा है। प्रशिक्षण के लिए ट्रेनिंग सेंटर में नोडल अधिकारी व अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल ने 5 मास्टर ट्रेनरों को जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें विजय देवांगन, अरुण कुमार साहू, देवचरण राजपूत, तारकेश्वर साहू एवं रविकुमार वर्मा शामिल हैं। ये सभी मास्टर ट्रेनर रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक सेंटर में प्रशिक्षण देने के लिए उपस्थित रहते हैं। बताया जा रहा है कि इस सेंटर में अब तक कई पीठासीन सहित बड़ी संख्या में पी1, पी2 व पी3 के अधिकारी पहुंच चुके हैं, जो मतदान केंद्रों में मतदान के दौरान चुनाव की बारीकियों को समझते हुए दोबारा चुनाव कार्यों का प्रशिक्षण लिए हैं।



## खबर संक्षेप



### हनुमान जयंती पर महाभंडारा और स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** श्रीरामभक्त हनुमान जयंती के अवसर पर मित्र मंडल ग्रुप द्वारा पुरानी बस्ती महामाया मंदिर के सामने मंगलवार को महाभंडारा और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसका 4 हजार से भी अधिक भक्तजनों ने लाभ उठाया। इसी दौरान हनुमानजी की 17 किलो की पीतल की मूर्ति का विशेष श्रृंगार व फूलों से साज-सज्जा कर महाआरती की गई। इसके बाद भोग अर्पित कर महाभंडारे का शुभारंभ किया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, चेतन चंदेल, पूरनलाल अग्रवाल, राजेश बरलोटा, डॉ. मनोज लाहोटी, जितेंद्र दोशी, राजेश, बजरंग बंसल, अन्नपूर्णा शर्मा, अंजली शितूत, सीमा कंटकार, शिल्पी सोनवानी, धर्मेंद्र दुर्घा, देवेंद्र सोनी, अनुराग ठाकुर, संचिता भट्टाचार्य, मीतू लहरे आदि शामिल थे।

### कविता को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा



कविता सिलवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध कार्य का विषय वाणिज्य विभाग के अंतर्गत रायपुर संभाग के आर्थिक विकास में गैर काष्ठीय वनोपज की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन छत्तीसगढ़, भारत पर है। यह शोध कार्य उन्होंने विवि की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सत्या किशन, स्कूल ऑफ़ बिज़नेस स्टडीज विभाग, मैट्स यूनिवर्सिटी के मार्गदर्शन में पूरा किया।

### मतदाताओं के घर जाकर दे रहे पर्ची

**रायपुर।** निगम क्षेत्रों के अलग-अलग जगहों पर जाकर मतदाता पर्चियां वितरण कार्य किया जा रहा है। नगर निगम के सभी 10 जोनों के प्रत्येक वार्डों में बूथ लेवल आफिसर के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में निगम के राजस्व अमले को भी लगाया गया है। इसी के साथ ही विधानसभा चुनाव के समय जिन मतदान केंद्रों में कम मतदान हुआ, वहां अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा है।

### करंट की चपेट में आने से एक की मौत

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कोसंरगी में करंट लगने से एक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक शत्रुघन पटेल पिता देवसिंग पटेल (45) ग्राम चुरकी निवासी की हर्ष पींचा के फार्म हाऊस कोसरंगी में काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### कमरे में मिली युवक की लाश, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़मर्रा में एक युवक की लाश उसके कमरे में मिली। मृतक के पिता ने थाने में सूचना दी कि जन्मजय सूर्यवंशी पिता किशोर सूर्यवंशी (23) निवासी गोड़मर्रा अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला। उसकी मौत 23 अप्रैल की रात से 24 अप्रैल की शाम 4 बजे के मध्य हुई है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी के शपथ पत्र अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण होने की शिकायत

**महासमुंद।** लोकसभा महासमुंद 2024 के निर्वाचन में इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी का नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण होने के आधार पर उनका नाम निर्देशन, नामांकन एवं पश्चातवर्ती समस्त कार्यवाही निरस्त किए जाने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई है। इस संबंध में भाजपा कार्यकर्ता एवं लोकसभा के केंद्रीय कार्यालय प्रभारी दिनेश रुपरेला द्वारा आवेदन सौंपा है।

# रामनगर पानी टंकी में लगेगा हाइड्रेंट, बाकी टंकियों के लिए भी होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के भारतमाता चौक स्थित रामनगर की पानी टंकी या मेन राइजिंग लाइन में हाइड्रेंट लगाया जायेगा, ताकि आगजनी की आकस्मिक घटना होने पर आपात स्थिति में टंकी से पानी निकालने में सहूलियत हो। इसी तरह अन्य स्थानों पर स्थापित नगर निगम की पानी टंकियों में हाइड्रेंट लगाने सर्वे होगा। जल विभाग की ओर से जोनवार पानी टंकियों का सर्वे कर इसकी रिपोर्ट निगम आयुक्त को सौंपी जायेगी।

दरअसल, गुढ़ियारी में बिजली विभाग के यार्ड में गत दिनों हुई आगजनी की घटना के समय नगर निगम द्वारा मुख्य राइजिंग लाइन की दीवार को तोड़कर नाली बनाकर पानी से आग बुझाने का कार्य किया गया था। जानकारों का कहना है, टंकी में यदि हाइड्रेंट लगा होता, तो पानी निकालने में सहूलियत होती।

हाइड्रेंट नहीं लगाये जाने से आगजनी पर नियंत्रण पाने में दमकल अमले को काफी परेशानी उठानी पड़ी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को जल विभाग के अधिकारियों ने भारतमाता चौक स्थित पानी टंकी में हाइड्रेंट लगाने जायजा लिया।

## गुढ़ियारी में बिजली विभाग के यार्ड की आगजनी की घटना से निगम सतर्क

### 14 जगह की पानी टंकियों में लगा है हाइड्रेंट

नगर निगम की 14 पानी टंकियों में आकस्मिक आगजनी की घटना पर आपात स्थिति में टंकी से पानी की व्यवस्था करने हाइड्रेंट लगाया गया है। इनमें मोतीबाग स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी, शंकर नगर पानी टंकी, गोगांव पानी टंकी, डंगनिया पानी टंकी, मठपुरैना, अवंतिविहार की पानी टंकी सहित अन्य पानी टंकियां शामिल हैं।



### काम को जल्द पूरा किया जाएगा

फिल्टर प्लांट के अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरRेन्द्र ने निरीक्षण के बाद बताया कि रामनगर पानी टंकी की जगह पर हाइड्रेंट लगाने के लिए दो तरह से विचार किया जा रहा है। यहां टंकी में या फिर नीचे मेन राइजिंग लाइन के नीचे हाइड्रेंट लगाने का परीक्षण कर इस काम को जल्द पूरा किया जायेगा।

## आगामी लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस की पैनी नजर

# गुंडागर्दी में संलिप्त 5 आरोपियों की खुली फाइल, पुलिस की चौकसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार की जा रही है। साथ ही जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध भी लगातार छापामार अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई जारी है।

इन सभी लोगों द्वारा मारपीट, झगड़ा, वाद-विवाद एवं संपत्ति संबंधी अपराध की घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जा रहा था। पूर्व में इसी माह 3 व्यक्तियों को निगरानी पंजी एवं 11 लोगों को गुंडा बदमाश पंजी के अधीन लाया जा चुका है। इसी क्रम में थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत आदतन अपराधी विमल अजय की भी निगरानी जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत लड़ाई–झगड़ा, विवाद, मारपीट आदि अपराधों में संलिप्त तथा इस प्रकार की घटनाओं को लगातार अंजाम देने वाले 5 लोगों के विरुद्ध गुंडा बदमाश की फाइल खोली गई है। इसी के साथ संपत्ति संबंधी अपराधों की घटनाओं को लगातार अंजाम देने वाले थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खोरसीनाला पनगांव एवं भैंसापसरा बलौदाबाजार निवासी 2 व्यक्तियों के विरुद्ध निगरानी बदमाश पंजी खोली है। निगरानी एवं गुंडा बदमाश पंजी खुलने से इन सभी व्यक्तियों का संबंधित थानों द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी। निगरानी बदमाश मोहन भारती एवं राजा भारती को निगरानी पंजी के अधीन रखते हुए इसकी सतत जांच तस्दीक चेकिंग करने से चोरी की घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी। इसके पूर्व भी 3 व्यक्तियों के विरुद्ध निगरानी पंजी एवं 11 व्यक्तियों का गुंडा बदमाश की फाइल भी खोली जा चुकी है, साथ ही थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरधा निवासी आदतन बदमाश विमल अजय को जिला बदर भी किया गया है।




### ये रहें निगरानी बदमाश

मोहन पिता विष्णु भारती 30 साल निवासी खोरसीनाला पनगांव थाना सिटी कोतवाली, राजा पिता दिलीप भारती 29 साल निवासी भैंसापसरा बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली। गुंडा बदमाश– हरिशंकर पांडेय पिता नर्मदा प्रसाद 29 वर्ष निवासी ग्राम रवान थाना सिटी कोतवाली, जनीराम पिता फागूराम भारद्वाज 27 साल निवासी ग्राम सुढेली थाना सिटी कोतवाली, आसकरण खूंटे पिता शिवचरण 19 साल निवासी ग्राम करमनडीह थाना सिटी कोतवाली हेम कुमार उर्फ टोनी पिता अजय मनहरे 30 साल निवासी पंचशील नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, राजकुमार पिता नंदकुमार साहू 21 साल निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली का नाम शामिल हैं।

# देवांगन समाज ने किया संगठन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए नगर भाटापारा के प्रतिष्ठित व्यवसायी खेमलाल देवांगन को प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ व्यापारी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जनकराम देवांगन अर्जीनवीस को प्रदेश प्रवक्ता तथा श्रीसुंदरम के संचालक से खुशी देवांगन को प्रदेश युवा उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।


इसके साथ ही योगेश उर्फ गब्बर देवांगन तांदुल भोग को युवा सलाहकार, गोपाल देवांगन को युवा संरक्षक, अजीत देवांगन को युवा सहसचिव बनाया गया है। प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त पदाधिकारियों को विशेष रूप से प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष रवि देवांगन, प्रदेश युवा अध्यक्ष मनोहर देवांगन, प्रदेश युवा महासचिव भजन देवांगन, प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के महिला अध्यक्ष किरण देवांगन, रायपुर जिला एवं प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया और शुभकामनाएं दी। इसी तरह तरेंगाराज देवांगन समाज के अध्यक्ष दिलहरण देवांगन, सचिव मुकेश देवांगन, कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण देवांगन, सहसचिव कुंजबिहारी देवांगन, युवा उपाध्यक्ष उत्तम देवांगन, युवा कोषाध्यक्ष विनोद देवांगन, हथनीपारा देवांगन समाज के उपाध्यक्ष महेतरू देवांगन, समाज के संरक्षक नरसिंह देवांगन, चैतूराम देवांगन एवं तरेंगाराज देवांगन समाज, हथनीपारा देवांगन समाज के सभी पदाधिकारी एवं कुटुंब सदस्यों द्वारा आभार प्रकट किया है। इसके साथ ही सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन समाज को आगे बढ़ाने एवं सामाजिक उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहने का वचन दिया।

## बीमारी का खतरा बढ़ा, 15 जून से पहले सभी नलकूप का केमिकल ट्रीटमेंट का आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गरमी के मौसम में दूषित पेयजल की वजह से बीमारी का बढ़ा खतरा भांपकर सरकार ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को आदेश दिया है कि 15 जून के पहले सभी नलकूप स्रोतों का केमिकल ट्रीटमेंट करें। नगरीय निकायों से ये भी कहा गया है कि वे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के फिल्टर बेड का मेंटिनेंस करें और शहरों में बनी उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई करें। राजधानी रायपुर के लभांडी क्षेत्र में हाल ही में पीने के पानी में गंदगी की वजह से बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए थे, कई लोगों को डायरिया भी हुआ था।

# तापमान बढ़ेगा मगर धीरे-धीरे, अभी दो दिन हल्की बारिश के आसार

- तेज हवा से रात में और हल्के बादल से दिन में गर्मी कम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम अभी पूरी तह सामान्य नहीं हो पाया है। अगले दो दिन तक राज्य में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इस बीच तापमान में वृद्धि होगी, मगर काफी धीमी गति से। राज्य में अभी उत्तर-पश्चिम की हवा का आगमन नहीं हो रहा है। मंगलवार की रात रायपुर समेत कई शहरों में तेज गति की हवा से अंधड़ की स्थिति बनी रही। इसके बाद मौसम में ठंडकता आ गई और रात का तापमान बढ़ने के बजाए सामान्य से कम दर्ज किया गया। आज सुबह में हल्के बादल छाए रहे जिसके प्रभाव से धूप की तपिश असर नहीं दिखा पाई और पारा भी सामान्य से एक डिग्री कम रह गया। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि अभी दक्षिण से नमी युक्त हवा का प्रवेश जारी है, जिसकी वजह से गर्मी में तेजी से बढ़ोतरी की संभावना काफी कम है। अगले दो दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने के आसार नहीं हैं, मगर चौबीस घंटे में बूंदाबांदी के साथ अंधड़ चलने की संभावना है। राज्य में अप्रैल के महीने में गर्मी ने असर दिखाना शुरू किया था।

### राहत वाला तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 39.2 |
| बिलासपुर | 40.4 |
| पेंड्रा | 39.0 |
| अंबिकापुर | 38.0 |
| जगदलपुर | 38.0 |
| दुर्ग | 39.2 |
| राजनांदगांव | 39.5 |

# सालभर में नहीं बन पाया एक्सीडेंट वाले डेंजर जोन में ट्रामा सेंटर

## धरसींवा में अभी निर्माण संबंधी चालीस प्रतिशत काम बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक्सीडेंट के मामले में संवेदनशील धरसींवा और अभनपुर स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रामा सेंटर बनाने की योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है। सीजीएमएससी की ठेका एजेंसी की कछुआ गति के कारण भवन निर्माण का काम अधूरा पड़ा है। एक्सीडेंट होने पर घायलों को तत्काल उपचार की सुविधा देने के लिए इस योजना पर काम शुरू किया गया था।

- अभनपुर और धरसींवा सीएचसी बनाने की योजना भवन अधूरा

जानकारी के अनुसार रोड एक्सीडेंट के मामले में नेशनल हाईवे पर स्थित धरसींवा और अभनपुर क्षेत्र को डेंजर जोन माना जाता है। इन इलाकों में होने वाले एक्सीडेंट के बाद घायलों को तत्काल उपचार की सुविधा देने के लिए दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रामा सेंटर जैसी सुविधा देने की योजना बनाई गई थी।

इसके लिए सालभर पहले सीजीएमएसी के माध्यम से भवन निर्माण का काम शुरू किया गया था, जिसे छह से आठ माह में पूरा हो जाना था। वास्तव में धरसींवा में अभी निर्माण संबंधी चालीस प्रतिशत काम बाकी है। वहीं अभनपुर में 15 से 20 प्रतिशत काम अधूरा है। भवन निर्माण के बाद वहां गंभीर मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक उपकरण सहित अन्य सुविधा जुटाने के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस तरह उन इलाकों में सड़क हादसों में घायल होने वालों को स्थानीय स्तर पर इलाज की सुविधा मिलने के लिए अभी इंतजार करना होगा।



### शीघ्र पूरा करने के निर्देश

निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रामा सेंटर बनने से गंभीर स्थिति के मरीजों को वहीं प्रारंभिक उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

\- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

### फंड भी जारी हो चुका

दोनों स्थानों पर लघु रूप में ट्रामा सेंटर बनाने के लिए शासन द्वारा काफी समय पहले फंड भी जारी किया जा चुका है। फंड के माध्यम से वहां एक्स-रे सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की खरीदी की जानी है। इसके लिए भी टेंडर प्रक्रिया सीजीएमएससी के माध्यम से पूरी की जानी है।

### अभी राजधानी पर निर्भर

दोनों इलाकों में होने वाले किसी भी तरह के सड़क हादसे से जख्मी होने वाले थोड़े गंभीर मरीजों को भी इलाज के लिए राजधानी के अस्पताल लाने की जरूरत होती है। कई बार त्वरित उपचार में होने वाली देर जनहानि का कारण बन जाती है। ट्रामा निर्माण होने के बाद मरीजों को त्वरित उपचार की वहीं सुविधा दी जाएगी और हालत स्थिर होने पर उन्हे अन्यत्र रेफर किया जाएगा।

## कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी

# आयकर के आवेदन पर नान के पूर्व एमडी सहित आठ कोर्ट में तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह की कोर्ट ने नान के पूर्व एमडी मनोज सोनी, कोरबा एमडी प्रितिका पूजा केरकेट्टा तथा छह राइस मिलर को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 12 जून को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है। कोर्ट में मामले की सुनवाई बुधवार को की गई।

- सीजीएम दिग्विजय सिंह की कोर्ट में 12 जून को उपस्थित होने का नोटिस

आयकर विभाग की ओर से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक विवेक पाण्डेय के मुताबिक मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी, विपणन अधिकारी प्रितिका पूजा केरकेटटा तथा 16 राइस मिलरों के ठिकानों पर आयकर विभाग के अफसरों ने पिछले वर्ष जुलाई में छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में बोगस लेनदेन के दस्तावेज के साथ कस्टम मिलिंग के एवज में प्रति क्विंटल 20 रुपए कमीशन लिए जाने के इनपुट मिले थे। प्रकरण की जांच करने के बाद 15 सितंबर को आयकर विभाग ने कोर्ट में परिवाद पेश किया। आयकर विभाग द्वारा कोर्ट में पेश किए गए परिवाद के विरोध में लगाई गई आपत्तियों का निराकरण कोर्ट द्वारा किया जा चुका है। इसके बाद भी प्रकरण में आरोपी उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

### इनके खिलाफ परिवाद

आयकर विभाग ने जिन लोगों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया है, उनमें नान के एमडी रहे मनोज सोनी के साथ कोरबा डीएमओ प्रितिका पूजा केरकेट्टा, राइस मिल एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष कैलाश रूगंटा, उपाध्यक्ष पारसमल चोपड़ा, कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर, राइस मिलर संतोष अग्रवाल, अमित अग्रवाल तथा प्रशांत अग्रवाल के नाम शामिल हैं।

## पेज 9 के शेष

### कार सवार लोगों ...

यादव पिता बाबूलाल यादव 32 साल साकिन सलौनीखुर्द और रविकुमार यादव पिता स्व.सुदर्शन यादव 27 वर्ष साकिन सलौनीखुर्द है, जबकि इनके साथ दो नाबालिग भी शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सरसींवा निवासी एक परिवार कार में सवार होकर देवसागर मेला से अपने घर जा रहा था, तभी चार अज्ञात बदमाशों ने रास्ता रोककर उन पर ईंट, पत्थर और डंडे से हमला कर दिया था। इस हमले में 8 वर्षीय बच्चे को चोट लगी थी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने अज्ञात बदमाशें के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशें के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 341 और 427 के तहत केस दर्ज कर बदमाशें की तलाश में जुट गई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 नाबालिग सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन...

मोदी सरकार की विफलताओं जनता से किए गए झूठे वादों तथा जिले और लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की कथनी और करनी को लेकर जमकर गरजेंगे। उक्त नेताओं के आगमन को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा साफ नजर आ रही है।

### शादी के तीसरे ...

रस्म में अपनी बेटी को लेकर मायके आए थे। फिलहाल पलारी थाना पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। मृतका का शव पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है तथा नवविवाहिता की मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री निष्कासित

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश संयुक्त महामंत्री राघवेंद्र सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश अनुसार राघवेंद्र सिंह ठाकुर को लोकसभा चुनाव में पार्टी संगठन के खिलाफ काम करने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।

### कांग्रेस प्रवक्ता भिड़े वीडियो वायरल

**रायपुर।** प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर रेलवे स्टेशन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कांग्रेस के दो प्रवक्ता आपस में भिड़ गए। कैमरे में आने को लेकर प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला और विकास तिवारी के बीच विवाद की स्थिति बताई जाती है, इसका वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों नेताओं ने ऐसी किसी घटना से इनकार किया है।

### शाह 26 को बेमेतरा, राहुल 29 को बिलासपुर आएंगे

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का प्रचार थमने के बाद राजनीतिक दल तीसरे चरण की तैयारी में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह बेमेतरा जाएंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में प्रचार करते हुए सभा को संबोधित करेंगे।
तीसरे चरण के प्रचार के लिए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 29 अप्रैल को बिलासपुर आ रहे हैं। सकरी स्थित सिंचाई कॉलोनी मैदान में उनकी आमसभा होगी। पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। यहां कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

### नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने का दिया संदेश

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा जिले के कम मतदान वाले विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा लोगों से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। सोच-समझकर बटन दबाने, सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने का संदेश नाटक के माध्यम से दिया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को नगर निगम रायपुर जोन 4 के कटोरा तालाब में चौपटी, चंदानी गार्ड, फ़नफ़ेस्टो कांप्लेक्स शैलेंद्र नगर, नेताजी चौक एवं बालगोपाल हॉस्पिटल चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही रायपुर लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप एक्सप्रेस द्वारा समानांतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

**चुनाव : स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए जिले में पुलिस बल तैनाती की भी ली जानकारी**

# लोस चुनाव : पेंटिंग साइज की प्रचार सामग्री के मिटने का खर्च प्रत्याशियों के खाते में जुड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

जांजगीर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी सारंगढ़ के दौरे पर रहे। सामान्य प्रेक्षक स्वामी ने कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, एसपी पुष्कर शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वय वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल से कलेक्टर कक्ष में मुलाकात की। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने कहा कि जहां–जहां एसएसटी, वीएसटी, एफएसटी आदि पाली–पाली से ड्यूटी कर रहे हैं वे ड्यूटी के शुरूआत और अंतिम समय अपना सामूहिक फोटो शेयर नियंत्रण अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि सभी का पाली–पाली अनुसार ही ड्यूटी होना चाहिए। सामान्य प्रेक्षक ने रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन से कहा कि जिले में संपत्ति विरूपण अंतर्गत दीवालों पर 3 बाई 2 के साइज का पेंटिंग और 1 बाइ 2 साइज का झंडा सहमति से है तब ठीक है। उल्लंघन के मामले में प्रत्याशी को नोटिस दें कि वे या तो खुद निर्धारित स्थान से स्वयं मिटा दे, नहीं तो निर्वाचन कार्यालय से मिटाने पर प्रत्याशी के खाते में खर्च जुड़ेगा। इसी प्रकार स्वामी ने कहा कि ग्राम पंचायत और शहर के वार्ड स्तर से आदर्श आचरण संहिता मुक्त क्षेत्र का एनओसी प्राप्त करें और कहीं कोई आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो तो कार्यवाही करें।

बैठक में जिले के कुल जनसंख्या, महिला–पुरूष मतदाता, दिव्यांग का होम वोटिंग, डाकमत से वोटिंग, मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति, मतदान दल, जांच चौकियों में ड्यूटी, मतदान दल की रवानगी, वापसी, सामग्री संग्रहण, एमसीएमसी, आदर्श आचरण संहिता आदि के संबंध में समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी राजस्थान कैडर के 2015 बैच के आईएएस हैं। इस अवसर पर सभी नोडल अधिकारी एवं उनके सहयोगी सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

**पंचायत और शहर के वार्ड स्तर से आदर्श आचरण संहिता मुक्त क्षेत्र का एनओसी प्राप्त करें प्रत्याशी**

## वोटरों को मतदान के लिए लगातार प्रेरित करें बीएलओ

**मुड़पार-सरसीवां।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के 7 मई के मतदान को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग प्रमुख को बीएलओ के माध्यम से समन्वय कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी बीएलओ अपने क्षेत्र के वोटरों को वोट देने के लिए लगातार प्रेरित करें।

- कलेक्टर ने विभागावार लंबित प्रकरणों एवं आवेदनों की समीक्षा की

इसके पश्चात कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों एवं आवेदनों की समीक्षा की एवं तय समय सीमा में उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में समय सीमा में लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कृषि विभाग अंतर्गत मिट्टी नमूना जांच, फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को शासकीय दफ्तरों के संबंध में विद्युत वितरण संबंधी आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर सूचित करने कहा।

इसके पश्चात सारंगढ़ के मंडी समितियों के प्रबंधन के संबंध में प्राप्त शिकायत को लेकर उचित कार्यवाही करने के लिए कहा।





कलेक्टर ने सभी कोर्ट के माध्यम से राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु सभी को निर्देशित करते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए कहा।

इसके अलावा पुलिस विभाग एवं जनपद सीईओ के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम द्वय वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर द्वय अनिकेत साहू, वर्षा बंसल सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम से जुड़ी व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**मुड़पार-सरसीवां।** जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने सारंगढ़ मंडी परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के साथ मतगणना कक्ष, मतदान सामग्री कक्ष, कंट्रोल रूम, सामग्री वितरण एवम वापसी केंद्र सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए जिले में पुलिस बल की तैनाती के संबंध में पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा से भी जानकारी ली।

सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने मंडी परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने आ रहे अधिकारियों को रजिस्टर में नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सीसीटीवी में डेटा स्टोरेज की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा, ताकि सही समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान एआरओ वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, तहसीलदार रूपाली मेश्राम, पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## मतदाता 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पत्रों से कर सकते हैं मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वें मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है, तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा – आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों-विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

- प्राइवेट सेक्टर के फोटोयुक्त परिचय पत्र भी होगा मान्य

## 151 जोड़ों के साथ सैकड़ों लोगों ने किया सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्री पंचमुखी हनुमान संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा हनुमान जयंती पर इस वर्ष भी 151 जोड़ों एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा एक साथ संगीत के सुमधुर स्वर में सुंदरकाण्ड पाठ का पठन किया गया।



इसमें विशाल मंच पर हनुमानजी का दिव्य दरबार सजाया गया। पंडित रज्जन शास्त्री ने मुख्य यजमान के रूप में तंजीव अरोरा से सपत्नीक विधिवत पूजा संपन्न करवाई। उक्त आयोजन विशेषता है कि समिति द्वारा सम्पूर्ण पूजन सामग्री से लेकर श्रद्धालुओं की बैठक, भंडारे की व्यवस्था निःशुल्क की जाती है। हनुमान जयंती पर होने वाले इस आयोजन को लेकर हनुमान भक्तों में विशेष उत्साह रहता है। विगत 17 वर्षों से समिति द्वारा प्रति मंगलवार को लोगो के घरों, प्रतिष्ठानों, मंदिरों में सुंदरकांड पाठ किया जा रहा है, जिससे नगर के युवाओं की उपस्थिति विशेष रहती है व नगर का वातावरण धर्ममय बना रहता है। ऐसे आयोजनों से प्रेरित हो अन्य नगरों व गांवों में भी सुन्दर काण्डपाठ प्रारंभ हो चुका है।

उक्त आयोजन में समिति के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र भृगु, मनीष मिश्रा, हेमंत मल, अरुण छाबड़ा, हरगोपाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, गोपाल पुरोहित, रामजी जोशी, दिनेश सोनी, विनय ठाकुर, गिरधर व्यास, नागेंद्र गोस्वामी, शेखर तिवारी, सतीश सोनी, गगन गुप्ता, संजय शुक्ला, टी पी तिवारी, नंदू साहू, विजय पाण्डेय, रवि गुप्ता, मोनू मल, दुर्गेश शर्मा, बिहारी जोशी, अमित मिश्रा, अभिजीत माहेश्वरी, विवेक यदु, विभांशु मिश्रा, तुसार साहू,शुभम तिवारी, रुद्र मिश्रा, सौरभ श्रीवास, अरिहंत सेवाका, हेमंत गुप्ता, शिवम गुप्ता, दीपांशु गुप्ता सहित नगर की समस्त धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संयंत्र ने सड़क, आग और एलपीजी घटना को रोकने वाहन चालकों को बताये उपाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक रावन लाजिस्टिक एवं सिक्यूरिटी विभाग के संयुक्त प्रयास से ट्रकयार्ड में वाहन चालकों को सड़क, विद्युत, अग्नि एवं एलपीजी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया।

गर्मी के दिनों में सड़क में चलते हुए वाहनों में आग लगने की घटना देखने को मिली है। वहीं सड़क दुर्घटना तो भयावह स्थिति ले चुकी है। ट्रक ड्रायवर खाना पकाने के लिए सिलेण्डर या स्टोव का उपयोग करते हैं, जो कि थोड़ी लापरवाही या जानकारी के आभाव में भयानक दुर्घटना का रूप ले लेती है, जिससे जान और माल को नुकसान होता है।

इन सबका उपयोग कैसे सुरक्षित ढंग से करना चाहिए, जिससे हम दुर्घटनाओं को होने से रोक सकते हैं कि जानकारी सिक्यूरिटी विभाग के ऑफिसर देवेश वर्मा द्वारा विस्तार से प्रदान की गयी।

इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित ट्रक ड्रायवरों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए ज्ञानवर्धक व जरूरी जानकारी के साथ ही समय-समय पर इस तरह के आयोजन के लिए अपील की।

इस कार्यक्रम में सिक्यूरिटी विभाग से ऑफिसर देवेश वर्मा एवं टीम व लाजिस्टिक विभाग प्रमुख रतनेश शुक्ला, अभिषेक चांडा, भास्कर शुक्ला, प्रकाश जेना, दुर्गा वर्मा, युगल शर्मा, विजय वर्मा एवं कृष्णा साहू की उपस्थिति रही।

## गर्मी में नहर में नहाने का आनंद ले रहे बच्चे...



**खरोरा।** गर्मी के मौसम में नदी, तालाब में नहाने का आनंद ही अलग है। ग्रामीण क्षेत्र में गर्मी से बचने खासकर बच्चे दिन भर पानी में डूबे रहना पसंद करते हैं। इसी तरह बेल्टुकरी स्थित बड़े नहर में तैरते हुए पानी का आनंद लेते 10 से 12 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे। अपनी जान जोखिम डाल कर नहर में कूद रहे हैं।

